आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, मंगलवार 09 दिसंबर 2025

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 37

■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com


dainikindoresanket

dainikindoresanket

dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

तुलसी नगर से बीसीएम पैराडाइज तक हर दिन धूल-धुआं



पेज-2

आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में भारत को तीन मेडल



पेज-5

डीपीसी संजय मिश्र उलझे अपने अधीनस्थों से



पेज-6

# बाबरी जैसी मस्जिद के लिए 11 पेटी चंदा और 93 लाख ऑनलाइन मिले

## नोट गिनने के लिए 30 लोग और मशीन बुलाना पड़ी

**मुर्शिदाबाद (एजेंसी)** ● पश्चिम बंगाल में टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर के बाबरी जैसी मस्जिद ऐलान के बाद मुर्शिदाबाद जिले में मस्जिद का शिलान्यास हो चुका है और अब इसके निर्माण की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। इस बीच यह खबर सामने आई है कि मस्जिद बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक करीब 1.3 करोड़ रुपये का चंदा जमा हो चुका है। हुमायूं कबीर के करीबी लोगों ने बताया है कि चंदे के लिए जगह-जगह लगाए गए दानपत्र लगभग पूरी भर चुके हैं। वहीं नकदी गिनने के लिए मशीनों की मदद लेनी पड़ी है, जिनसे रातभर चंदे की गिनती चलती रही।







जानकारी के मुताबिक मस्जिद के लिए लोग नकदी और ऑनलाइन, दोनों तरीके से दान दे रहे हैं। कबीर के करीबी लोगों ने सोमवार को बताया कि 4 दान पेटियों और एक बोरी से अब तक कम से कम 37.33 लाख रुपए नकद गिने गए हैं। वहीं क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन योगदान की रकम 93 लाख रुपए तक पहुंच गई है, जिससे कुल राशि 1.30 करोड़ रुपए हो गई है। इसके अलावा अभी सात और सीलबंद पेटियों को खोला जाना बाकी है।

**गिनती का सीधा प्रसारण**-हुमायूं कबीर ने दावा किया है कि उम्मीद से अधिक चंदा मिल रहा है। उनके मुताबिक देश के बाहर से भी दान आ रहा है। कबीर ने बताया है कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए गिनती का सीधा प्रसारण किया जा रहा है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के मुताबिक अन्य सात दानपत्र सोमवार शाम पांच बजे खोले जाएंगे और एक टीम इस प्रक्रिया की निगरानी करेगी। विधायक के करीबियों ने बताया है कि एकत्रित धन को सीसीटीवी निगरानी वाले सुरक्षित कमरे में स्थानांतरित करने की व्यवस्था की जा रही है तथा इसे जमा कराने के लिए बैंकों के साथ चर्चा चल रही है।

बंगाल में निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने रविवार को घोषणा की कि वह फरवरी में 1 लाख लोगों से करान का पाठ करवाएंगे। इसके बाद ही बाबरी मस्जिद का निर्माण शुरू होगा। हुमायूं ने कहा कि वे जल्द ही एक नई पार्टी बनाएंगे जो मुसलमानों के लिए काम करेगी। वे 135 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा वे ओवैसी की पार्टी के संपर्क में हैं और अलायंस कर सकते हैं।



# मोहन सरकार कैबिनेट बैठक के साथ करेगी टाइगर सफारी

**खजुराहो (एजेंसी)** ● प्रदेश की मोहन सरकार इन दिनों बुन्देलखंड में है। सीएम सभी मंत्रियों के साथ खजुराहो में मौजूद हैं। मुख्यमंत्री आज मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ-साथ सुबह पन्ना टाइगर रिजर्व में सफारी के लिए जाएंगे।

आज मोहन यादव खजुराहो में कैबिनेट की बैठक करेंगे। इसमें कई बड़े प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है। मुख्यमंत्री महाराजा कन्वेंशन सेंटर में महाराजा छत्रसाल और सरदार वल्लाभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव छतरपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र राजनगर के सती की मढ़िया में आयोजित महिला सम्मेलन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में प्रदेश की एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में लगभग 1857 करोड़ 62 लाख रुपए अंतरित करेंगे। साथ ही विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे।

## नामांकन, सीमांकन, बटांकन के हजारों मामले अटके

# एसआइआर के कारण राजस्व मामलों में पिछड़ सकता है इंदौर जिला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● चुनाव आयोग द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य के कारण इन दिनों राजस्व प्रकरणों का काम ठीक से नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण नामांकन, सीमांकन, बटांकन सहित कई अन्य कार्य नहीं हो पा रहे है। कलेक्टर कार्यालय के अधिकांश विभागों सहित तहसीलों में भी कर्मचारियों की कमी देखी जा रही है। पिछले एक माह से जारी एसआइआर कार्य के लिए जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, आईडीए, नगर निगम सहित अन्य शासकीय विभागों के कर्मचारियों को इस कार्य में लगाया गया था। एसआइआर का कार्य अब तक लगभग पूरा हो गया है, अब मेपिंग और डिजिटाइजेशन सहित अन्य कार्य जारी है। साथ ही जिन लोगों ने फार्म ले लिए थे, लेकिन जमा नहीं किए है, उन्हें ढूंढने का काम जारी है। ऐसे में अभी-भी कई विभागों में कर्मचारियों की कमी बनी हुई है। एक माह में ही लगभग बीस से अधिक नामांतरण, सीमांकन व बटांकन के आवेदन बढ़ गए है। भूमि रिकॉर्डों में हुए बदलावों के कारण शिकायतों, आपत्तियों, सुधार संबंधी प्रकरणों की संख्या इतनी बढ़ गई है। तहसीलों से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक लंबित फाइलों का ढेर बढ़ता जा रहा है। पिछले डेढ़ माह से जिला प्रशासन के अधिकांश कर्मचारी एसआईआर सर्वे में व्यस्त रहे है। सर्वे का काम बड़ा, विस्तृत और लगातार फील्ड विजिट वाला होने के कारण नियमित राजस्व कार्य लगभग ठप हो गए है।

### अब पेंडिंग कार्यों के निपटान के लिए भिड़ना होगा

एसआइआर का कार्य अब लगभग समाप्ती की ओर है। 11 दिसंबर के बाद अधिकांश कर्मचारी काम पर लौट आएंगे, उसके बाद उनके समक्ष बड़ी संख्या में पेंडिंग कार्य निपटाने का होगा। चुनावी प्रक्रिया में व्यस्त अधिकारियों के समक्ष अब आवेदनों का पहाड़ फिर खड़ा हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार दीपावली के बाद तुरंत ही कर्मचारियों व अधिकारियों को एसआइआर सर्वे में झोक दिया गया था। जिसके कारण लगभग बीस हजार राजस्व के प्रकरण अटके हुए है। नामांतरण के ही लगभग पंद्रह हजार से अधिक प्रकरण लंबित है।

**लगातार चक्कर लगा रहे**-पिछले एक माह से आवेदक अपने कार्य के लिए लगातार तहसीलों व कलेक्टर कार्यालय में चक्कर लगा रहे है, लेकिन उन्हें खाली हाथ ही लौटना पड़ रहा है। क्योंकि पूरा स्टाफ नहीं होने के कारण फाइले आगे नहीं बढ़ पा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

- इंडिगो संकट : हालात को काबू करने के लिए केंद्र ने 10 अधिकारियों को अलग-अलग एयरपोर्ट भेजा
- एनडीए सांसदों को संबोधित करेंगे पीएम मोदी, अमित शाह 1 बजे करेंगे शुरुआत
- लोकसभा में आज चुनावी सुधारों पर अहम चर्चा, एसआईआर पर भी होगी बात
- 7.6 तीव्रता के भीषण भूकंप के बाद जापान में लगातार तेज आफ्टरशॉक्स से दहशत
- बांग्लादेश में हो सकती है आम चुनाव की घोषणा
- राज्यसभा में 'वंदे मातरम' पर चर्चा आज, गृह मंत्री अमित शाह करेंगे शुरुआत

# शहर की हवा को साफ करेंगी नगर निगम की हल्ला गाड़ियां

- वायु गुणवत्ता सुधार के लिए निगम आयुक्त की पहल
- 2000 प्रति गाड़ी इस सिस्टम की लागत होगी
- 50 लीटर का टैंक लगेगा जो तीन बार भरा जाएगा
- 560 गाड़ियों में यह सिस्टम लगाया जाएगा





**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● स्वच्छता में देश का नंबर-1 इंदौर अब वायु गुणवत्ता सुधार में भी नया मॉडल पेश करने जा रहा है। नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने शहर की कचरा कलेक्शन गाड़ियों पर वॉटर टैंक और शॉवर सिस्टम लगाने के निर्देश दिए हैं। यह सिस्टम गाड़ी के चलते ही हवा में बारीक फुहार छोड़ेगा, जिससे उड़ती धूल नीचे बैठ जाएगी और एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) में सुधार होगा। आयुक्त के निर्देश पर 20 कचरा गाड़ियों पर शॉवर सिस्टम लगाकर एक सप्ताह तक ट्रायल किया गया, जो सफल रहा।

**ऐसे करेगा काम**-सभी कचरा गाड़ियों में आगे 50 लीटर क्षमता का छोटा टैंक लगाया जाएगा, जिससे पाइपलाइन के जरिए पीछे लगे शॉवर से फुहार निकलेगी। ड्राइवर सिस्टम को जरूरत अनुसार चालू-बंद कर सकेगा। हर 2-3 मिनट में कुछ सेकेंड के लिए फुहार चलेगी। प्रयोग करने वाला पहला शहर -कचरा गाड़ियां रोजाना सुबह 5 से दोपहर 2 बजे तक और शाम 4 से रात 11 बजे तक शहर में घूमती हैं। इस दौरान लगातार स्प्रे होने से सड़क और हवा, दोनों की धूल कम होगी। प्रदेश के अन्य बड़े शहर जैसे भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर में कृत्रिम बारिश कराने वाली बड़ी मशीनें लगती हैं, लेकिन इंदौर में यह काम कचरा गाड़ियां ही करेंगी।

# भोजन पर प्रतिबंध के बीच, एमवाय परिसर में खुलेआम शराब का सेवन

## वीडियो में एक डॉक्टर के दोस्त परिसर में शराब पीते हुए दिखाई दिए, अधिकारी तीमारदारों के प्रवेश पर रोक लगाने में व्यस्त

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (एमजीएम) प्रशासन द्वारा अस्पताल की सुरक्षा कड़ी करने के बड़े-बड़े दावे धरे के धरे रह गए हैं। चूहों के प्रकोप को रोकने के नाम पर जहाँ अधिकारी परिसर के अंदर भोजन वितरण और आवाजाही पर कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं, वहीं परिसर के अंदर खुलेआम शराब पीते हुए वीडियो में कैद हो गए हैं, जिससे इन उपायों की प्रभावशीलता और मंशा पर सवाल उठ रहे हैं।



**डॉक्टरों के पार्किंग क्षेत्र में शराब पीते हुए कैमरे में कैद**-शनिवार रात का एक वीडियो सामने आया है जिसमें दो लोग एमवाय अस्पताल, जो डॉक्टरों के लिए निर्धारित पार्किंग क्षेत्र है, के पीछे खड़ी एक राजस्थान-पंजीकृत कार के पास शराब पीते हुए दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह घटना शाम को हुई। पूरी तरह से सार्वजनिक होने के बावजूद, किसी भी सुरक्षा गार्ड ने हस्तक्षेप नहीं किया और न ही वहाँ से गुज़र रहे किसी डॉक्टर ने कोई आपत्ति जताई। मरीज़ और तीमारदार घटनास्थल से गुज़र गए, कई लोगों ने बेचैनी और असुरक्षा व्यक्त की। ऐसा संदेह है कि शराब पीने वाले लोग कॉलेज के छात्र या अस्पताल के कर्मचारियों के परिचित हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार शराब पीते नजर आ रहे युवक अस्पताल में तैनात एक डॉक्टर के दोस्त हैं।

एमजीएम मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों ने चूहे नियंत्रण उपायों का हवाला देते हुए लोगों को अपने भर्ती मरीजों के लिए खाना लाने की अनुमति देना बंद कर दिया है। सभी प्रवेश और निकास द्वार सील कर दिए गए हैं, और सुरक्षा गार्ड मेटल डिटेक्टरों से परिचारकों की तलाशी ले रहे हैं। अब परिवार सामाजिक समूहों द्वारा वितरित किए जा रहे भोजन को प्राप्त करने के लिए सड़क किनारे बाहर इंतज़ार कर रहे हैं। हालांकि, ये व्यापक प्रतिबंध परिसर के अंदर अनियंत्रित शराब सेवन के बिल्कुल विपरीत हैं, जिससे आलोचना हो रही है कि प्रवर्तन चयनात्मक और अपर्याप्त निगरानी वाला प्रतीत होता है।

डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया अक्सर कहते रहे हैं कि कॉलेज और हॉस्टल शराब-मुक्त क्षेत्र हैं। लेकिन परिसर में जगह-जगह मिली शराब की खाली बोतलें और छात्रों की बार-बार की शिकायतें कुछ और ही इशारा करती हैं। ताज़ा वीडियो ने प्रशासन के दावों की फिर से जाँच शुरू कर दी है।

# 500 करोड़ वाला बयान देने पर सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर को कांग्रेस ने पार्टी से निकाला



**पटियाला (एजेंसी)** ● कांग्रेस ने नवजोत कौर सिद्धू पर बड़ी कार्रवाई की है। नवजोत कौर सिद्धू को पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है। नवजोत कौर पर यह कार्रवाई पार्टी नेताओं पर विवादित टिप्पणी को लेकर की गई है। कुछ दिनों पहले उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए 500 करोड़ रुपए वाला बयान दिया था। जिससे विवाद खड़ा हुआ था। अब कांग्रेस ने नवजोत कौर सिद्धू पर कार्रवाई करते हुए उनकी प्राथमिक सदस्यता भी रद्द कर दी है। हालांकि बयान पर विवाद बढ़ने के बाद नवजोत कौर ने सफाई देते हुए कहा था कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है।

मालूम हो कि नवजोत कौर कांग्रेस की पंजाब इकाई के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी है। उन्होंने शनिवार को कथित तौर पर कहा था कि " जो 500 करोड़ रुपये का 'सूटकेस' देता है, वही मुख्यमंत्री बन जाता है।" नवजोत कौर ने शनिवार को पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा था कि अगर कांग्रेस उन्हें पंजाब में पार्टी का मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करती है, तो उनके पति सक्रिय राजनीति में लौट आएंगे। पंजाब में 2027 में चुनाव होने हैं। बयान पर बवाल मचने के बाद कांग्रेस नेता नवजोत कौर सिद्धू ने सफाई देते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। कौर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, " मैं हैरान हूं कि मेरे सीधे बयान को किस तरह तोड़-मरोड़कर पेश किया गया।

## खामोश खबर...

हरिराम नाई

# शनि की दृष्टि के बाद भी जलवा बरकरार

**दैनिक इंदौर संकेत**

इंदौर के सबसे प्रतिष्ठित माने जाने मेडिकल कॉलेज के बड़े डॉक्टर साहब जब से यहां के प्रमुख बने तबसे उन पर शनि की वक्र दृष्टि का प्रभाव नजर आ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हुए अस्पताल का चूहा कांड में बनी उच्चस्तरीय कमिटी में बड़े डॉक्टर साफ-साफ बच निकले, आउटसोर्सिंग कंपनियों के मामले में भी बड़े डॉक्टर ने बड़ी चालाकी से करोड़ों रुपए का भुगतान प्राप्त करने वाली कंपनी पर लाखों का दंड लगाकर अपना बचाव किया। वैसे भी बड़े डॉक्टर ठहरे पुराने दिग्गज मंत्री के परिजन , तो उनका कोई क्या बिगाड़ सकता है। इंदौर के स्थानीय माहौल से परिचित होने के कारण उन्हें मालूम रहता है कि किसे तवज्जो देना और कब देना। यही कारण है कि जब कोई घटना होती है तो वे ट्रैकशूट पहनकर जरूर हॉस्पिटल पहुंचकर अपनी संवेदनशीलता का प्रचार जरूर करते हैं। कभी तारीख निकल चुकी दवाईयों के प्रयोग के चलते हॉस्पिटल में परिजनों द्वारा हंगामा करने के मामले, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों द्वारा आए दिन हड़ताल के मामले, एक संगठन के द्वारा रात्रि के धरने जैसे घटनाएं बड़े डॉक्टर साहब को विचलित करती रही है, लेकिन अपना मैनेजमेंट और ऊपरी तौर पर जमावट उनके हर मामले को दबाती जा रही है। हाल ही में नए मामले में बड़े डॉक्टर के मित्र और शुभचिंतक कह रहे है कि जिस नई आउटसोर्सिंग कंपनी को अस्पताल परिसर का काम मिला है, वह भी किसी परिचित का ही मामला नजर आता है। हालांकि ऊपरी तौर पर मामले में भी नूरा कुश्ती चल रही है। नई कंपनी भी बड़े डॉक्टर साहब से सलाह मशवरा करके ही तय की गई। अब यह अलग बात है कि उस कम्पनी के जुड़े पुराने विवाद सामने आ गए तो बड़े डॉक्टर थोड़ा पीछे हट गए, लेकिन मामला बड़ी सेटिंग का है। इसलिए भोपाल स्तर पर जमावट चल रही है। खबर तो यह भी है कि बड़े डॉक्टर साहब को अब उनके सलाहकार यह बताने में जुट गए हैं कि 'कुछ' लोगों को सेट करना पड़ेगा, जिसके चलते अस्पताल से जुड़ी छोटी-छोटी खबरें बाहर नहीं आए। हालांकि यह सेटिंग बड़े डॉक्टर साहब के व्यवहार के विपरीत है। कोशिश तो कर रहे हैं कि अस्पताल के मैनेजमेंट को लेकर उनकी वाही-वाही हो, सब जगह उनके मैनेजमेंट की खबरें ही चले, लेकिन अस्पताल के उनके अति शुभचिंतक उनकी कोशिश पर पलीता लगाने से नहीं चूक रहे हैं।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, मंगलवार 09 दिसंबर 2025

## न्यूज ब्रीफ

### भगवान परीक्षा नहीं, प्रतीक्षा से मिलेंगे - आचार्य शांतनु

**इंदौर** ● भगवान के प्रति हमारी भक्ति में मर्यादा और शालीनता होना चाहिए लेकिन विडम्बना है कि हम भक्ति में भी अश्लीलता और फूहड़ता को शामिल कर रहे हैं। देवी-देवताओं के स्वरुप और स्वांग रचाकर हम ब्याह-शादी के मंच या सड़कों पर उन्हें कभी भोलेनाथ, कभी हनुमान और कभी राधा-कृष्ण के रूप में नचा रहे हैं। यह देवी-देवताओं का अपमान है। यह चलन हमारी नई पीढ़ी के लिए भी अच्छा सन्देश नहीं दे रहा। भक्ति में भाव होना चाहिए। भगवान हमें परीक्षा से नहीं, प्रतीक्षा से मिलेंगे। श्रीराम शौर्य कथा की सार्थकता यही होगी कि हम अपने देश, समाज और धर्म के लिए अपने तन-मन-धन का समर्पण बनाए रखें। आज हमारी हिंदू सनातन संस्कृति को बचाने और विधर्मियों के मनसूबों को नाकाम करने की प्राथमिकता होना चाहिए। हमें सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए भक्ति के साथ शौर्य को भी जागृत करना पड़ेगा।


### जब तक नई पौध संस्कारों से समृद्ध नहीं बनेगी, तब तक हमें सनातन धर्म-संस्कृति पर सर्वाधिक ध्यान देना होगा

**इंदौर** ● भारतीय संस्कृति की जड़ें बहुत गहरी हैं। असंख्य हमलों के बाद भी हमारी सनातन संस्कृति सुरक्षित है बल्कि इन हमलों ने हमारी संस्कृति को मजबूत बनाया है तो विश्वास रखें कि सनातन धर्म पर मंडरा रहे संकट के बादल ज्यादा दिनों तक नहीं रह पाएँगे। इसके लिए हमें विशेषकर युवाओं को संगठित होकर विधर्मियों के मनसूबों को ध्वस्त करना होगा। जब तक हमारी नई पौध संस्कारों से समृद्ध नहीं बनेगी, तब तक हमें सनातन धर्म और संस्कृति पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। इतिहास गवाह है कि हम शस्त्रों के साथ शास्त्रों को भी अपना हथियार बनाकर विजयी हुए हैं। वेदांत संत सम्मेलन समाज को नई चेतना और जागरूकता के मार्ग पर प्रशस्त करने वाला दिव्य अनुष्ठान है।

# नए साल में बिजली दे सकती है झटका दरों में 10% वृद्धि का प्रस्ताव

**भोपाल (एजेंसी)** ● मप्र में पहली बार बिजली कंपनियां नए साल में उपभोक्ताओं को तगड़ा झटका देने वाली हैं। दरअसल बिजली के भावों में 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हो संबंध में मप्र पॉवर मैनेजमेंट सकती है। इस कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की टैरिफ पिटीशन मप्र विद्युत नियामक आयोग को सौंप दी है। आयोग इस पर मंगलवार को कंपनियों के साथ सुनवाई करेगा। इसके बाद इसे विधिवत स्वीकार किया जाएगा। साथ ही जनसुनवाई के तारीख भी तय की जाएगी। इसके बाद आयोग रेट वृद्धि का फैसला लेगा। नई दरें 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगी।

कंपनी सूत्रों के अनुसार, मप्र पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने तीनों डिस्कॉम की तरफ से 30 नवंबर से पहले नियामक आयोग को यह पिटीशन सौंप दी है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि कंपनियों ने अनुमानित घाटे की भरपाई के लिए बिजली के भावों में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करने की अनुमति आयोग से मांगी है। आयोग इस पर तीनों कंपनियों के टैरिफ से जुड़े अधिकारियों से 9 दिसंबर को सुनवाई करेगा।




**तीनों कंपनियां घाटे यी**

जानकारी के अनुसार, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी 18,712 करोड़ रुपए से अधिक के घाटे में है। वहीं पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी 16,378 करोड़ रुपए और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी 7,285 करोड़ रुपए से अधिक राशि घाटे में चल रही है। यही कारण हो सकता है कि दरें बढ़ाई जा रही हैं।

**अब मप्र विद्युत नियामक आयोग के पाले में गेंद**

आयोग अपनी पिटीशन में कमियां या सुझाव दे सकता है। ज्यादा कमियां होने पर आयोग इस नए सिरे से बनाने के लिए कंपनियों को वापस कर सकता है। यदि कमियां नहीं मिलीं तो आयोग इस पिटीशन को स्वीकार कर सकता है। इसके बाद आयोग सार्वजनिक सूचना जारी कर इस पर जनसुनवाई की तारीख तय करेगा। यह तारीख कंपनी वार होगी। जनसुनवाई के बाद आयोग यह तय करेगा कि बिजली के भावों में कितनी प्रतिशत वृद्धि या कमी की जाए।

## स्मृति-पलाश ने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को अनफॉलो किया, कंपोजर ने हटाए प्रपोज सेरेमनी और शादी वाले फोटो

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● म्यूजिक डायरेक्टर पलाश मुछाल और क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। स्मृति मंधाना ने रविवार (7 नवंबर) को इंस्टा पर स्टेटस लगाकर शादी टूटने की जानकारी शेयर की थी। साथ ही लिखा था कि मामले को यहीं खत्म करना चाहती हूं। हमारी भावनाओं का सम्मान करें। शादी 23 नवंबर को होनी थी। स्मृति ने शादी से जुड़े सारे फोटो-वीडियो सोशल मीडिया से हटा दिए हैं, तो पलाश ने भी प्रपोज, हल्दी सेरेमनी और शादी वाले फोटो-वीडियो अपनी आईडी से डिलीट कर दिए हैं।

स्मृति मंधाना ने लिखा था- पिछले कुछ हफ्तों में मेरी जिंदगी को लेकर बहुत सारे अंदाजे लगाए जा रहे थे। मुझे लगता है कि इस समय मेरे लिए बोलना जरूरी है। मैं बहुत प्राइवेट इंसान हूं और मैं अपनी लाइफ को ऐसे ही रखना चाहती हूं, लेकिन मैं ये



साफ कर देती हूं कि शादी कैंसिल हो गई है। आगे उन्होंने लिखा, 'मैं इस मामले को यहीं खत्म करना चाहती हूं। मैं आपसे रिक्वेस्ट करती हूं कि इस समय दोनों परिवारों की प्राइवेसी का सम्मान करें। हमें आगे बढ़ने का मौका दें। मेरा मानना है कि हम सभी के पास एक बड़ा मकसद होता है और मेरे लिए वो हमेशा अपने देश को सबसे ऊंचे लेवल पर रि-प्रेजेंट करना रहा है। मुझे उम्मीद है कि मैं जब तक हो सके इंडिया के लिए खेलती रहूं और ट्रॉफी जीतती रहूं और मेरा फोकस हमेशा वहीं रहेगा।

## ब्रह्मलीन हरिशचन्द्रजी की स्मृति में शिविर में 688 लोगों का इलाज



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● ब्रह्मलीन स्वर्गीय श्री हरिशचन्द्र मानावत के पुण्य स्मरण दिवस पर विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 688 जरूरतमंद लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां दी। कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश मानावत ने बताया कि ख्याति प्राप्त समाजसेवी ब्रह्मलीन स्वर्गीय श्री हरिशचन्द्र मानावत के 14वें पुण्य स्मरण दिवस पर विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पीएम श्री हाईस्कूल जवाहर टेकरी धार रोड इन्दौर पर लगाया गया। इस शिविर में 688 स्कूली बच्चों एवं जरूरतमंद लोगों ने स्वास्थ्य का लाभ उठाया। शिविर में आयुर्वेदिक , होम्योपैथी यूनानी पद्धति से विशेषज्ञ डॉक्टर ने जांच कर निशुल्क दवाइयां दी गई। नेत्र शिविर में चयनित 11 मोतियाबिंद मरीजों का आपरेशन नि:शुल्क चोइथराम नेत्रालय में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पंडित योगेन्द्र महंत एवं पूर्व संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डाक्टर शरद पंडित थे। इस अवसर पर आल इंडिया बंजारा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष भीम सिंह राठौड़, जिला पंचायत सदस्य दिलीप पटेल, संरपच नारायण चौहान, पुलिस उपनिरीक्षक मनोज भदोरिया, सामाजिक कार्यकर्ता मोहन राठौर , एडवोकेट कैलाश मानावत ,बबलू राठौर, प्रियांशु पांडे, स्कूल प्राचार्य अंजना शुक्ला, अर्चना मिश्रा, संघमित्रा पाल, सुनिता जैन, शंकर पवार,शिलिनी तिवारी, दीपक सांखला, डा बख्तियार अशरफी, दिपक तिवारी, सुरेन्द्र नायक , राकेश चौहान आदि बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश मानावत ने किया।

## इंदौर वनमंडल का मास्टर प्लान तैयार, 18 दिसम्बर से शुरू होगी बाघ गणना

**●राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के निर्देश पर**

**● सात दिन तक चलेगी वन्य जीवों की गिनती**

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के निर्देश पर बाघ गणना के लिए इंदौर वन मंडल का मास्टर बन चुका है। इसी माह 18 दिसम्बर से बाघ गणना के दौरान जंगल के शाका हारी और मांसाहारी दोनों प्रकार के वन्य जीवों की गिनती की जाएगी।यह बाघ गणना एक सप्ताह तक मतलब 24 दिसम्बर तक चलेगी। इसके लिए पहली बार इंदौर वन मण्डल में 2 दिन तक मॉक ड्रिल मतलब गणना सम्बन्धित अभ्यास किया जायेगा।

यह आल इंडिया टाइगर एस्टिमेशन मतलब अखिल भारतीय बाघ गणना राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशा निर्देश पर वन्य जीव संस्थान और सभी राज्य के वन मंडलों द्वारा हर चार साल में आयोजित की जाती है यह बाघ गणना अभियान भारत सहित सभी राज्यो की वन सरंक्षण नीतियों में अहम भूमिका निभाता है।

**200 वर्ग किलोमीटर वन्य इलाको में लगभग 100 कैमरे लगाए जाएंगे** - इंदौर वन मण्डल का इलाका 700 वर्ग किलोमीटर का है। इसके 200 वर्ग किलोमीटर में कैमरा ट्रैपिंग की जायगी मतलब वन्य जीवों की गणना के लिए कैमरे लगाए जाएंगे । चयनित क्षेत्र को 2 वर्ग किलोमीटर की ग्रिडस में अलगअलग विभाजित किया गया है। हर ग्रिड में कैमरे लगाकर वन्य जीवों पर नजर रखी जायेगी। इसके लिए वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन ट्रस्ट का सहयोग लिया जा रहा है। कैमरा ट्रैपिंग कोऑर्डिनेशन मतलब समन्वय की जिम्मेदारी वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन ट्रस्टके बायोलाजिस्ट प्रोग्राम मैनेजर विवेक तुमसरे को दी है ।

**बाघ गणना के पहले 2 दिन तक मॉकड्रिल** - डीएफओ इंदौर प्रदीप मिश्रा के मुताबिक वैसे तो बाघ गणना के लिए वन मण्डल स्तरीय ट्रेंनिग मतलब प्रशिक्षण तो पहले ही दिया जा चुका है इसके बावजूद 11 और 12 दिसम्बर को यानी ,2 दिन तक मॉक ड्रिल मतलब बाघ गणना का अभ्यास किया जायेगा। बाघ गणना के दौरान प्रशासनिक समन्वय मतलब एडमिनिस्ट्रेशन कोऑर्डिनेशन की जिम्मेदारी एसडीओ राला मण्डल योहान कटारा और तकनीकी समन्वय की जिम्मेदारी वन रक्षक प्रवीण मीणा को दी गयी है।

## पर्वतारोही भावना डेहरिया को मिलेगा विक्रम अवॉर्ड; हाई कोर्ट ने स्टे हटाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● माउंट एवरेस्ट फतह कर प्रदेश का नाम रोशन करने वाली पर्वतारोही भावना डेहरिया को अब विक्रम अवॉर्ड मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने सोमवार को उनके चयन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी और राज्य सरकार के निर्णय को सही ठहराया। न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा ने आदेश सुनाते हुए कहा कि 2023 के एडवेंचर स्पोर्ट्स कैटेगरी के लिए राज्य सरकार द्वारा लिया गया निर्णय नियमों के अनुरूप है और इसमें किसी प्रकार की त्रुटि नहीं है। यह महत्वपूर्ण जानकारी एडवोकेट अनुनय श्रीवास्तव, जो मामले में भावना डेहरिया की ओर से उपस्थित थे, द्वारा साझा की गई। वहीं, राज्य सरकार की ओर से इस मामले में डिप्टी एडवोकेट जनरल श्रेय राज सक्सेना ने प्रभावी तरीके से पक्ष रखा, जिसे न्यायालय ने स्वीकार किया। यह याचिका मधुसूदन पाटीदार द्वारा दायर की गई थी, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि वे भावना डेहरिया से वरिष्ठ हैं और उन्हें ही पुरस्कार मिलना चाहिए।

## चयनात्मक कानून-लागू करना भ्रष्ट मानसिकता का संकेत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सामाजिक कार्यकर्ता संवाद क्रांति संयोजक अधिवक्ता पंकज प्रजापति ने कहा, 'अगर प्रशासन सराफा चौपाटी को वैधानिक कहता है, तो फिर शहर के हर ठेले और हाकर को भी कानूनी मानकर कार्रवाई तुरंत बंद करनी चाहिए। चयनात्मक कानून-लागू करना भ्रष्ट मानसिकता का संकेत है।' उन्होंने कहा कि परंपरा का ढोंग रचकर सराफा चौपाटी को बचाया जा रहा है, जबकि विकास के नाम पर आम नागरिकों के पुश्तैनी मकान, मंदिर और ऐतिहासिक धरोहरें बेरहमी से तोड़ी गईं।

'क्या परंपरा सिर्फ सराफा में बसती है? बाकी पूरे इंदौर की संस्कृति को कुचलने का अधिकार किसने दे दिया?' प्रजापति ने कहा कि नगर निगम इंदौर शहर की वास्तविक धरोहर—इन्द्रेश्वर महादेव मंदिर, पंढरीनाथ, फूटी कोठी, छतरियां, प्राचीन बावड़ियाँ—सबकी अनदेखी कर रहा है, लेकिन सराफा चौपाटी को राजनीतिक संरक्षण देने में कोई कसर नहीं छोड़ता।

'यह प्रशासनिक नहीं, राजनीतिक अहंकार से संचालित बाजार है—और इसका खामियाजा पूरे क्षेत्र के लोग भुगत रहे हैं।' उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 2024 की निगम जांच समिति ने स्वयं भविष्य में बड़ी दुर्घटना की आशंका बताई थी, फिर भी बाजार जारी है 'जब रिपोर्ट में खतरा लिखा हुआ है, तब भी इसे चलने देना कानून और नैतिकता—दोनों का मज़ाक उड़ाना है।' अंत में प्रजापति ने कहा- 'प्रशासन तटस्थ और कानून-सम्मत निर्णय ले, वरना यह साबित हो जाएगा कि इंदौर में कानून नहीं, कुछ लोगों का अहंकार शासन कर रहा है।'

## रविवार को रणजीत धाम में हुआ मासिक पत्रिका श्री पवन पुत्र के विशेष अंक का विमोचन संपन्न



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● रणजीत अष्टमी के 4 दिवस पूर्व पश्चिम इंदौर में स्थित 141 वर्ष पुराने रणजीत हनुमान मंदिर में शहर के वरिष्ठ पत्रकारों व रणजीत बाबा के सैकड़ो भक्तों की उपस्थिति में वरिष्ठ पत्रकार बृजेश जोशी द्वारा संपादित, प्रकाशित मासिक पत्रिका श्री पवन पुत्र के विशेष अंक का विमोचन किया गया,जो रणजीत हनुमानजी 12 दिसंबर को निकलने वाली प्रभात फेरी को समर्पित था। इस मौके पर हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी दीपेश व्यास और रितेश व्यास ने रणजीत दरबार में पूजन अर्चन के साथ पत्रिका रणजीत हनुमानजी को समर्पित की। विमोचन के अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में पवनपुत्र के सलाहकार संपादक डॉक्टर पंकज वीरमाल,श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष आलोक अकेला पंडित, संचालक अशोक दुबे , श्री गौड़ ब्राह्मण समाज इंदौर के पूर्व अध्यक्ष मुकेश शर्मा, पवनपुत्र के उप संपादक सहित टीम पवनपुत्र मासिक पत्रिका इंदौर के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## मेनारिया ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने छात्रावास के लिए दी 5000 स्क्वायर फीट की जमीन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मेनारिया ब्राह्मण समाज द्वारा वर्षों से प्रतीक्षित छात्रावास निर्माण का सपना अब साकार होने की दिशा में अग्रसर हो गया है। समाज की महत्वपूर्ण बैठक में उमरड़ा क्षेत्र स्थित 5 हजार वर्गफीट भूमि पर छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव को ध्वनिमत से स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इस निर्णय से समाजजनों में अपार हर्ष एवं उत्साह का माहौल व्याप्त है। अखिल भारतीय मेनारिया ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्री भंवर धीरज पानेरी द्वारा समाज को समर्पित इस भूमि का समाजजनों ने सामूहिक अवलोकन किया। उमरड़ा, जिसे उदयपुर का उभरता हुआ एजुकेशन हब माना जाता है, शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, कॉलेजों तथा रेलवे जंक्शन की निकटता के कारण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयुक्त क्षेत्र है। इसी भौगोलिक महत्त्व को देखते हुए यहाँ अत्याधुनिक सुविधाओं



से युक्त छात्रावास निर्माण की योजना प्रस्तावित की गई थी। भूमि अवलोकन के दौरान श्री पानेरी ने बताया कि छात्रावास निर्माण का संकल्प उन्होंने पिछले वर्ष चुनावों के दौरान समाज को दिया था। बांसड़ा में आयोजित सभा में इसके भव्य पोस्टर का विमोचन भी किया गया, जिसके बाद समाजजनों में इस योजना को लेकर उत्साह और बढ़ गया। समाज की विभिन्न शाखाओं एवं प्रतिनिधियों ने पूर्ण सहमति प्रकट करते हुए करतल ध्वनि से इस निर्माण को मंजूरी प्रदान की।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

**आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ**




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

**कार्यालय का पता**

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
**संपर्क: 94250-64357, 94245-83000**

## सम्पादकीय

### उड़ान का संकट! जरा-सी चूक किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है

जरूरी है कि सरकार की ओर से स्थायी तौर पर हवाई किराए की सीमा तय करने की पहल की जाए, ताकि कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लग सके और यात्रियों को बेवजह परेशानी एवं आर्थिक नुकसान न झेलना पड़े। पायलटों के साप्ताहिक आराम की अवधि बढ़ाने से विमानन कंपनी इंडिगो में उपजा उड़ान परिचालन का संकट इस फैसले को वापस लेने के बाद भी थमता नजर नहीं आया। शनिवार को कंपनी की साढ़े आठ सौ से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि शुक्रवार को देश भर के विभिन्न हवाईअड्डों से एक हजार से अधिक उड़ानें निरस्त कर दी गई थीं। इससे न केवल यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हो रही है, बल्कि उन्हें दूसरी उड़ानों की यात्रा टिकट हासिल करने के लिए कई गुना अधिक दाम चुकता करने पड़ रहे हैं। हालांकि, इस समस्या के निराकरण के लिए सरकार ने अब फिलहाल दूरी के आधार पर हवाई किराए की सीमा 7,500 रुपए से 18,000 रुपए तक सीमित कर दी है। मगर उड़ानों के परिचालन का संकट दूर करने के लिए पायलटों के साप्ताहिक आराम की अवधि बढ़ाने का जो फैसला वापस लिया गया है, क्या इस मसले की संवेदनशीलता को देखते हुए उस पर फिर से विचार किया जाएगा? यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि आखिर इंडिगो में ही यह संकट क्यों और कैसे पैदा हुआ। दरअसल, पायलटों का संगठन लंबे समय से साप्ताहिक आराम की अवधि बढ़ाने की मांग कर रहा था। उनका कहना था कि लगातार काम के दबाव की वजह से उन्हें थकान समेत कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर नागर विमानन महानिदेशालय ने हाल में नई नियमावली जारी कर पायलटों के साप्ताहिक आराम की जरूरत के समय में बारह घंटे की बढ़ोतरी कर उसे अड़तालीस घंटे कर दिया था। इसके बाद इंडिगो की उड़ानों के रद्द होने का सिलसिला शुरू हो गया। कंपनी का तर्क था कि नए नियमों के लागू होने से ज्यादा पायलट अवकाश पर हैं, जिससे उड़ानों का परिचालन बाधित हुआ है। मगर, इस बात पर गौर करना जरूरी है कि नए नियम सभी विमानन कंपनियों पर लागू थे! दूसरा, इस बात पर भी गहराई से विचार करने की जरूरत है कि उड़ान के दौरान पायलटों की संवेदनशीलता और सक्रियता बेहद महत्त्वपूर्ण होती है, जरा-सी चूक किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ऐसे में उनके पूरी तरह स्वस्थ रहने के लिए उन्हें जरूरी आराम की सुविधा का पहलू भी अहम है।

# रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा परिणाम संतोषजनक है

ये अच्छा है कि भारत ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान उनकी प्रशंसा में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन उनका व्यवहार संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ देशों के संबंधों को मजबूत करेगा; यह पुतिन की यात्रा से स्पष्ट था। वास्तव में, ट्रम्प की पहली अध्यक्षता के दौरान, भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच संबंध एक मधुर हनीमून था, और पहली बार, हम रूस से दूरी बना रहे थे, जो आंशिक रूप से उचित था क्योंकि पुतिन का रूस सोवियत रूस नहीं था, सैन्य उत्पादों का स्तर बिगड़ रहा था और यह कोई विशिष्ट औद्योगिक प्रगति करने में सक्षम नहीं था।



देश की महानता ट्रंप जैसे बौने को लेने लगी और उन्होंने दुनिया भर के कई लोगों को अमेरिका के खिलाफ खड़े होने का मौका दिया। हमने यही किया। क्योंकि आपके पास कोई विकल्प नहीं था। आपने ऐसे समय में रूस को बनाए रखने की समझदारी दिखाई है जब चीन ने संयुक्त राज्य अमेरिका को बाधित किया था, इसलिए इस यात्रा का स्वागत करें।

यूक्रेन पर युद्ध थोपने के बाद पुतिन की यह पहली भारत यात्रा है, कुछ ही महीनों में चार साल हो जाएंगे, अमेरिका सहित हर कोई युद्ध को रोकने की कोशिश कर रहा है, लेकिन पुतिन ने इसे जाने नहीं दिया, इसलिए उन पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए, इसका हमें सस्ते तेल के रूप में लाभ हुआ, लेकिन अमेरिका द्वारा हम पर 50 प्रतिशत प्रतिबंध लगाने के बाद, हमें इसे छोड़ना होगा। यह स्पष्ट हो गया कि हमारी कंपनियों को रूसी तेल की अपनी खरीद कम करनी पड़ी, और संयुक्त राज्य अमेरिका एक ही तरफ था, और एक तरफ, रूस भी संकट में था क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ हमारा अनुबंध टूट रहा था।लेकिन एक अदृश्य कोण है: चीन। क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका ने यूक्रेन पर आंखें मूंद लीं और यूरोप यूक्रेन के पीछे खड़ा हो गया, पुतिन ने एक अलग गठबंधन बनाया है: चीन, और पिछले कुछ महीनों में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पुतिन के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध, जो भारत, रूस और चीन के लिए आम पीड़ादायक बिंदु है। यह हमारे लिए दोहरी मार होगी यदि पुतिन तनाव को कम करने के लिए चीन और शी जिनपिंग के करीब आते रहें। यानी हमने जो कुछ भी किया है, उसके बावजूद ट्रंप हमसे भीख मांगने को तैयार नहीं हैं, शी जिनपिंग और चीन पर भरोसा करने का कोई मतलब नहीं है और ऐसे में अगर पुतिन भी हमसे दूरी बना लेते हैं तो हर कोई कहेगा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय कहेगा कि इससे बचना और रूस-चीन संबंधों को और सौहार्दपूर्ण होने से रोकना जरूरी था। इसे समझा नहीं जा सकता। इसलिए हम एक बार फिर कह सकते हैं कि नेहरू का 'गाद हमारा रूस है...' मैं इस रास्ते पर आ गया।

अपनी यात्रा के दौरान, पुतिन ने नेहरू के लिए मार्ग प्रशस्त करने के अपने प्रयासों के हिस्से के रूप में 2030 तक व्यापार को कई गुना बढ़ाने का संकल्प लिया। यह समझना जरूरी है कि आप जो विशेष वायु रक्षा प्रणाली 'एस-400' चाहते हैं, उसके बारे में क्या निर्णय लिया गया है। कुख्यात पहलगाम आतंकी हमले के बाद एस-400 सिस्टम ने भारत-पाक मुठभेड़ में निर्णायक भूमिका निभाई थी। इसलिए हमें इस प्रणाली को बड़े पैमाने पर चाहिए। राफेल के अलावा हम रूसी स्ख-57 फाइटर जेट भी खरीदना चाहते हैं। पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने उनकी यात्रा से पहले भारत के खरीद प्रयासों पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुतिन के बीच चर्चा में ये विषय सामने आएंगे और उसके बाद क्या हुआ, इसका विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं है। वे सभी जानते हैं कि जब हम सैन्य उपकरणों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की कोशिश कर रहे हैं, तो हमें फिलहाल कई अन्य चीजों पर निर्भर रहना होगा।पाकिस्तान के साथ युद्ध में फ्रांस के 'राफेल' के साथ क्या हुआ, इसकी खबर हमारे लिए और रूस की 'एस-400' प्रणाली निर्णायक है। इस वास्तविकता के कारण, हमें रूस से हथियार खरीदने होंगे, भले ही गुणवत्ता गौण हो। एक समय में, रूसी उत्पाद हमारी सैन्य उत्पादन आवश्यकताओं के लगभग तीन-चौथाई हिस्से को पूरा करते थे। इस बीच, अनुपात घटकर एक तिहाई हो गया। क्योंकि हमने फ्रांस, अमेरिका और इजरायल से बहुत कुछ खरीदा है, लेकिन बदलती दुनिया की स्थिति में ऐसा लगता है कि हमें रूस वापस जाना होगा, जो हमारी जरूरत है, लेकिन रूस की जरूरतों को पूरा करते रहने की हमारी जरूरत और भी ज्यादा हो गई है। और दूसरी बात, अगर अमेरिका खुद पुतिन के साथ व्यापार पर बातचीत कर रहा है, तो हमें अमेरिका के डर से अपने व्यापारिक हितों में कटौती करने की कोई जरूरत नहीं है। कल आपको व्यापार समझौते के मुद्दे पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ भिड़ना होगा। वहीं, रूस यूक्रेन के साथ सीजफायर के मुद्दे पर अमेरिका और यूरोप के साथ भी लड़ना चाहता है। इसलिए जबकि अन्य देश और देश ऐसा होने तक अपने व्यापारिक संबंधों को बनाए रख रहे हैं, हमारे लिए इसे नजरअंदाज करना बहुत गलत है। हमने ऐसा नहीं किया।

मार्गदर्शक सिद्धांत कि दुश्मन का दुश्मन हमारा दोस्त है, एक बार बताया गया था, खासकर विदेशी संबंधों में। वर्तमान स्थिति में, सभी संबंध मूल रूप से केवल लेन-देन के हैं, जबकि दोस्तों और दुश्मनों की चर्चा व्यर्थ है। पुतिन की भारत यात्रा उसी व्यावहारिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण थी। और आवश्यक। इस यात्रा के दौरान इन सभी आवश्यकताओं को पूरा किया गया। उनकी यात्रा के अवसर पर, रूस के आरटी समाचार चैनल ने अपनी सेवा फिर से शुरू की। इसलिए, हमारे 'प्रोपेगैंडा' चैनलों और प्रोपेगेंडा पत्रकारों के व्यवसाय में एक और जोड़ना। यह यात्रा पुतिन की जरूरतों को भी पूरा करती है। इस यात्रा का परिणाम संतोषजनक है क्योंकि यह सभी की जरूरतों को पूरा करता है।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

### नागर समाज जिला परिषद का शपथ समारोह, 20 मंडल के 350 प्रतिनिधि जुटे



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • दशोरा नागर समाज धर्मशाला में जिला परिषद का शपथ विधि समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बीजागढ़ आश्रम के महंत मुन्ना बाबा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने जिलाध्यक्ष जयंत गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। समारोह में जिले के 20 मंडलों से 350 से अधिक लोग शामिल हुए। महंत मुन्ना बाबा ने इस अवसर पर कहा कि विकसित समाज के लिए एकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे समाज के लोगों का हर क्षेत्र में तेजी से विकास होता है। विशेष अतिथियों में जेआईटी कॉलेज बोरावा के डीन डॉ. सुनील सुगंधी और मंडलेश्वर विधि विभाग के चंद्रेश मंडलोई शामिल थे। उन्होंने जिला पदाधिकारियों को समाज के नियमों से अवगत कराया और उन्हें समाज के विकास के लिए प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष जयंत गुप्ता ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें दीपक दशोरे (खरगोन) को सचिव और आशीष गुप्ता (गोगांवा) को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान हाटकेश्वर और कुलदेवी के पूजन से हुआ। सामूहिक कुलदेवी पूजन समिति, खरगोन ने पदाधिकारियों को कुलदेवी की फोटो स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की।

### अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराई 2130 हेक्टे. जमीन पर लहलहाने लगे पौधे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • गुड़ी-सरमेश्वर रेंज का वह जंगल, जो 7 माह पहले अतिक्रमण के कारण दम तोड़ रहा था, अब फिर से हरा-भरा हो गया है। जहां खेत दिखाई देते थे, वहां 4-5 फीट ऊंचे पौधे हवा के साथ लहरा रहे हैं। इस जमीन को छुड़ाकर मिले फायदे सिर्फ हरियाली तक सीमित नहीं। अब गुड़ी और आसपास के गांवों के कुएं व तालाबों का जलस्तर बढ़ने लगा है। ग्रामीण इसे खेती सुधारने के लिए वरदान मान रहे हैं। क्योंकि जब अतिक्रमण मुक्त कराया गया तब खंती और गड्ढे खोदे गए, बारिश में इनमें पानी भरा जो आज भी है। डीएफओ राकेश कुमार डामौर ने बताया गुड़ी रेंज में 16 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र है। वन से लगे 15 गांवों के अतिक्रमणकारियों ने 3 हजार हेक्टेयर वन पर कब्जा किया था। दिसंबर 2024 से यहां अतिक्रमण मुहिम शुरू की जो अप्रैल तक सतत चली। तब जाकर गुड़ी और सरमेश्वर की 2130 हेक्टेयर जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया। अतिक्रमणकारियों ने यहां खेत बना डाले थे। उन्हें फिर से सुरक्षित रखने और हरा-भरा करने के लिए अतिक्रमण रोधी खंतियां खुदवाई गई। बीज फेंके गए। प्लांटेशन किया और ?फिर उसकी सुरक्षा के लिए भी टीमें जंगल में गश्त करती रहीं। तब जाकर 6 माह में फिर से जंगल पनप रहा है। कुमठा व टाकलखेड़ा इलाके में तो पेड़-पौधे 4 फीट तक हो चुके हैं।

### धर्मशाला के लिए दिए 21 हजार रुपए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • बोरावां ग्राम धरमपुरी के कमलेश यादव का पिछले दिनों निधन हो गया। रविवार को पगड़ी व अन्नदान की पंगति का कार्यक्रम हुआ। स्व. कमलेश की स्मृति में पिता कृष्णलाल यादव व भाई अखिलेश यादव ने ग्राम की यादव अहीर समाज धर्मशाला के लिए 21 हजार रुपए दान दिए। समाज के राजेश यादव व ओमप्रकाश यादव ने कहा अपनों को खोने का गम व उन्हें भुलाना नामुमकिन है, लेकिन उनकी यादों को हमेशा जीवित रखने के लिए समाज को दान देना एक अच्छी पहल है। दान से समाज का विकास होता है।

### आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध बिजली कनेक्शन डीएफओ ने बिजली कंपनी को पत्र लिखकर रोकने को कहा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • डीएफओ विद्याभूषण सिंह ने रविवार को बिजली कंपनी को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने नेपानगर के सीवल और बदनापुर स्थित आरक्षित वन क्षेत्र में बिना वैध अनुमति के बिजली कनेक्शन न देने का कहा है। यह पत्र बिजली कंपनी के कार्यपालन यंत्री, बुरहानपुर को भेजा गया है। डीएफओ ने अपने पत्र में बताया कि सीवल और बदनापुर के आरक्षित वन क्षेत्र में उन अतिक्रमणकारियों को भी विद्युत कनेक्शन दिए जा रहे हैं, जिनके पास वन भूमि का वनाधिकार पत्रक नहीं है। इसके अलावा, नालों से सिंचाई के लिए भी अस्थायी विद्युत कनेक्शन दिए जाने की बात सामने आई है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि वन क्षेत्र में बिना सक्षम अनुमति के अवैध अतिक्रमणकारियों या अपात्र व्यक्तियों को विद्युत कनेक्शन देना वन संरक्षण व संवर्धन अधिनियम 1980 का उल्लंघन है। ऐसे में, अवैध अतिक्रमणकारियों को



बिजली कनेक्शन न दिए जाएं। डीएफओ ने यह भी उल्लेख किया है कि वन क्षेत्र के नाले और नदियों का जल वन्यप्राणियों के उपयोग और वन संवर्धन के लिए है। इसलिए, वन क्षेत्र के नदी-नालों में भी विद्युत कनेक्शन नहीं दिए जाने चाहिए। यदि वन अधिकार पत्र धारक हितग्राहियों को विद्युत कनेक्शन देना हो, तो इसके लिए इन्सुलेटेड वायर का उपयोग किया जाए। साथ ही, विधिवत अनुमति प्राप्त करने और सभी शर्तों का पालन करने के बाद ही कनेक्शन दिए जाएं। उल्लंघन करने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नेपानगर में उप-मंडी की मांग फिर तेज, नगर पालिका उपाध्यक्ष ने कलेक्टर को लिखा पत्र, जमीन आवंटन की मांग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • जिले के नेपानगर में कृषि उपज उप-मंडी स्थापित करने की मांग लंबे समय से लंबित है। इस संबंध में, नगर पालिका उपाध्यक्ष सरला प्रवीण काटकर ने रविवार को कलेक्टर को पत्र लिखकर मंडी के लिए भूमि आवंटन की मांग की है। नगर पालिका उपाध्यक्ष ने अपने पत्र में बताया कि कृषि उपज उप-मंडी की यह मांग कई वर्षों से पूरी नहीं हो पाई है। पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर ने नेपा मिल से 2 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित कर बुरहानपुर मंडी को आवंटित की थी। हालांकि, नेपा मिल ने इस आवंटन के खिलाफ उच्च न्यायालय जबलपुर से स्थगन आदेश (स्टे) प्राप्त कर लिया था। यह स्थगन आदेश लगभग 10 से 12 साल पहले लिया गया था। सरला काटकर ने बताया कि इस स्थगन आदेश को आज तक खारिज नहीं कराया गया है, जिसके कारण आवंटित भूमि पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। इस स्थिति के चलते किसानों और क्षेत्रवासियों की यह महत्वपूर्ण समस्या अनसुलझी बनी हुई है। तत्कालीन कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा नगर पालिका नेपानगर को आवंटित भातखेड़ा स्थित खसरा नंबर 1,2,3,4,5 व 7 रकबा 0.61, 0.44, 00,71, 2.46, 0.56 व दृ11 कुल



रकबा 4.89 हेक्टेयर शासकीय रिकार्ड चरनोई में दर्ज है। इस भूमि पर खसरा नंबर 3 में मंदिर बना हुआ है। कलेक्टर खंडवा के आदेश 12 अगस्त 1988 को विशेष क्षेत्र प्राधिकरण नेपानगर को आवंटित की गई। अनुरोध है कि कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा प्रकरण दिनांक 31 जून 2022 को यह भूमि केंद्रीय विद्यालय नेपानगर को नवीन भवन बनाने के लिए आवंटित की गई है। विद्यालय द्वारा उस भूमि पर 11 नवंबर 2022 के माध्यम से कलेक्टर बुरहानपुर को अवगत करया गया कि आवंटित कुल रकबा 3.13 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है उसमें काफी कमियां होने के कारण पहले उसे पूरा किया जाए उसके बाद ही भवन निर्माण की कार्रवाई की जाएगी।

### ब्लैकमेल कर रेप किया, धर्म बदलने दबाव डाला, दलित महिला ने बस एजेंट पर दर्ज कराई एफआईआर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • 30 वर्षीय विवाहित महिला ने बस एजेंट के खिलाफ दुष्कर्म, ब्लैकमेल और धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने का केस दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने नाम बदलकर दोस्ती की, उसकी तस्वीरें एडिट कर अश्लील रूप में तैयार कीं और उन्हीं के आधार पर ब्लैकमेल कर कई बार दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी सलमान को गिरफ्तार कर लिया है। अनियमित धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम (लव जिहाद), दुष्कर्म और एससी-एसटी एक्ट समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार, महिला बस से अप-डाउन करती थी। इसी दौरान आरोपी ने अपना नाम संजय बताकर उससे दोस्ती की। बाद में उसने सोशल मीडिया से महिला की तस्वीरें लेकर उन्हें आपत्तिजनक रूप में एडिट किया और वायरल करने की धमकी देकर उसे प्रताड़ित करता रहा। पीड़िता के मुताबिक, वह ब्लैकमेल से बचने के लिए कई बार पैसे भी दे चुकी थी, लेकिन आरोपी लगातार दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि सलमान ने फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अपने जीजा शाहरुख से भी उसका दुष्कर्म कराया। आरोपी उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव डालता था। महिला ने बताया कि सलमान कई बार घर में घुस जाता था और उसकी नाबालिग बेटी के साथ भी यौन शोषण की कोशिश की। यही वजह थी कि उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### नेपानगर में करोड़ों से होंगे विकास कार्य सड़क, अंडरग्राउंड और सतही नाली का होगा निर्माण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • बुरहानपुर के नेपानगर में सातपायरी में निर्माण कार्यों के लिए 15 करोड़ 75 लाख 30 हजार 722 रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इन कार्यों में सीमेंट कॉन्क्रीट सड़क, ह्यूम पाइप कल्वर्ट और आरसीसी सतही नाली का निर्माण शामिल है। विधायक मंजू दादू ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के लोग कई महीनों से इन कार्यों को कराए जाने की मांग की जा रहे थे। इसी क्रम में हाल ही में भोपाल दौरे के दौरान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कश्यप से मुलाकात कर इस संबंध में एक पत्र सौंपा था और कार्य की स्वीकृति का अनुरोध किया था। ह्यूम पाइप कल्वर्ट यानी सड़क के नीचे दबा एक मजबूत, गोल पाइप। यह पाइप ऋष्टष्ट (सीमेंट और सरिया) से बना होता है। इसका काम है पानी को सड़क के आर-पार निकालना, ताकि बारिश या नाले का पानी सड़क पर जमा न हो और गाड़ियां बिना रुके चल सकें। इसे एक अंडरग्राउंड नाली समझिए।

# आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में भारत को तीन मेडल

**दोहा (एजेंसी) ●** दोहा में चल रहे आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल 2025 में भारत की युवा शूटर सिमरनप्रीत कौर ने 25 मीटर पिस्टल इवेंट में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा। फाइनल में उन्होंने 41/50 स्कोर करते हुए जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की। वहीं, मनु भाकर क्वॉलिफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं और फाइनल से बाहर हो गईं। पुरुषों के 50 मीटर राइफल तीन पोजीशन में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने सिल्वर जीता,



जबकि अनीश भनवाला ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में सिल्वर जीता। इसके साथ ही भारत के छह मेडल हो गए हैं। 21 साल की सिमरनप्रीत ने फाइनल राउंड में शानदार प्रदर्शन किया। उनका 41/50 का स्कोर रिपब्लिक ऑफ कोरिया की पेरिस 2024 ओलंपिक चैंपियन यांग जी-इन के बनाए गए जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड के बराबर रहा। यांग चौथे स्थान पर रहीं। चीन की याओ कियानशुन ने 36/50 के साथ सिल्वर और जर्मनी की डोरीन वेनकैंप ने 30/45 के साथ ब्रॉन्ज जीता। पुरुषों के 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन इवेंट में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने अपना पहला वर्ल्ड कप फाइनल मेडल जीता।

## राष्ट्रीय शालेय स्कवॉँश व कराते प्रतियोगिता 11 दिसंबर से

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** राष्ट्रीय शालेय स्कवॉँश खेल प्रतियोगिता के मुकाबले 11दिसंबर से 13दिसंबर तक खेले जायेगें इसका शुभारंभ इंदौर मे बायपास स्थित एमराल्ड हाइट्स वल्ड इंटरनेशनल स्कुल मे 11 दिसंबर को दोपहर एक बजे होगा। इस आयोजन की तैयारी हैतु आज बाल विनय मंदिर मे एक बैठक आयोजित की गई जिसमे जिला शिक्षा अधिकारी शांतास्वामी भार्गव ने बताया की इसमे तैरह प्रदेश के करीब 130 बालक बालिका खिलाड़ी इसमे अपने कौशल का प्रदर्शन करेगे। इस आयोजन हैतु विभिन्न समीतियों का गठन किया गया है जिसमे हर समीति का प्रभारी बनाकर उनके साथ शिक्षको शिक्षिकाओं को लगाया गया है। प्रचार प्रसार समीति के अनुराग तिवारी प्रकाश गौड ने बताया की खिलाडियों के लिए बसों की व्यवस्था व रूकने के लिए होटल का इंतजाम किया गया है ताकि खिलाड़ियों को परेशानियों का सामना करना न पडे। इस बैठक मे सुनयना शर्मा संजय वर्मा अनिल गौड नवीन गौड जितेंद्र धाईगोडे दिनेश परमार आदि मौजुद थे ।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में जीत के साथ शुरुआत करने उतरेगी भारतीय टीम



### शाम सात बजे शुरु होगा पहला मैच

**कटक (एजेंसी) ●** भारतीय क्रिकेट टीम यहां मंगलवार को पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत करने के इरादे से उतरेगी । इससे पहले हुई एकदिवसीय सीरीज में जीत से भारतीय टीम के हौंसले बुलंद हैं। इस सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव, वहीं दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी एडन मार्कराम के पास रहेगी। इसी मैच को जीतकर सीरीज में दोनो ही टीम बढ़त लेने के इरादे से उतरेंगी। भारतीय टीम के लिए राहत की बात ये है कि शुभमन गिल फिट हो गये हैं और वह इस मैच में खेलेंगे। उनके अलावा ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या भी इस सीरीज से वापसी करेंगे।

ये सीरीज अगले साल होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप को देखते हुए काफी अहम मानी जा रही है। इससे दोनों टीमें अपनी अपनी तैयारियों का आंकलन करेंगी। भारतीय टीम की बल्लेबाजी आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के अलावा , तिलक वर्मा, कप्तान सूर्यकुमार व शुभमन गिल पर अधारित रहेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। स्पिनर के तौर पर वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव रहेंगे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी मार्कराम के अलावा डेविड मिलर, क्विंटन डी कॉक पर आधारित रहेगी। गेंदबाजी की कमान केशव महाराज, क्वेना मफाका, लुंगी एनगिडी व, एनरिक नोर्खिया संभालेंगे।

# कृति खरबंदा ने जताई सानिया की बायोपिक में रोल निभाने की इच्छा



**मुंबई (एजेंसी) ●** एक्ट्रेस कृति खरबंदा ने कहा कि वे उन फिल्मों का हिस्सा बनना चाहती हैं, जिनमें न केवल भव्यता और सौंदर्य हो, बल्कि भावनाओं की गहराई और दमदार, यादगार किरदार भी हों। एक इंटरव्यू में कृति ने खुलकर बताया कि आगे वे किस तरह के रोल एक्सप्लोर करना चाहती हैं। कृति ने बताया कि ऐतिहासिक और महाकाव्य फिल्मों से उन्हें हमेशा आकर्षण रहा है। उनका कहना था, 'मुझे लगता है कि मैं 'मुगल-ए-आज़म' और 'बाजीराव मस्तानी' जैसी किसी फिल्म में काम करना पसंद करूंगी। 'हाउसफुल 4' के जरिए मैंने उस दुनिया की थोड़ी झलक देखी थी, लेकिन अब मैं पूरी तरह से ऐसा किरदार निभाना चाहती हूँ, जो ऐतिहासिक हो।' उन्होंने स्वीकार किया कि ऐसी फिल्मों का भव्य सेट-अप, शानदार कॉस्ट्यूम, गहन भावनाएँ और शक्तिशाली महिलाओं के किरदार उन्हें कलाकार के रूप में आगे बढ़ने और खुद को नए स्तर पर चुनौती देने का अवसर देते हैं। कृति के अनुसार, उनके लिए स्क्रीन पर लंबी उपस्थिति से अधिक जरूरी है किरदार की ताकत और प्रभाव। वे कहती हैं कि उन्हें ऐसे रोल पसंद हैं, जो एक अभिनेता के रूप में उनकी पहचान को मजबूत बनाएं और दर्शकों के दिलों पर गहरा असर छोड़ें।

## लडकियों के लिए खुद की फ्रेंचाइजी खड़ी करना मुश्किल: नुसरत



**मुंबई (एजेंसी) ●** बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरुचा का कहना है कि एक लड़की के लिए अपनी खुद की फिल्म फ्रेंचाइज़ी खड़ी करना बेहद मुश्किल होता है, लेकिन उन्होंने इसे कर दिखाया है। एक्ट्रेस का कहना है कि यह सफ़र चुनौतीपूर्ण होने के साथ बेहद संतोषजनक भी रहा है। नुसरत इन दिनों अपनी हॉरर फिल्म सीरीज़ 'छोरी' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में नुसरत ने 'छोरी 2' की सफलता और 'छोरी 3' के सफ़र की शुरुआत पर दिल छू लेने वाली बात कही। नुसरत ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'छोरी 1 और 2 मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं। अब हम इसका अगला भाग शुरू कर रहे हैं। सच कहूँ तो, एक लड़की के लिए अपनी खुद की फ्रेंचाइज़ी बनाना वाकई बहुत मुश्किल होता है। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूँ कि इसमें मेरे प्रोड्यूसर, डायरेक्टर और हर को-एक्टर ने मेरा भरपूर साथ दिया।' उन्होंने आगे कहा कि जब उन्होंने करियर शुरू किया था, तब उन्हें लगता था कि वह सिर्फ़ एक रोमांटिक-कॉमेडी एक्ट्रेस बनकर ही रह जाएंगी, लेकिन 'छोरी' ने उनकी पहचान नई दिशा में बदल दी। नुसरत के लिए 'छोरी' सिर्फ़ एक फिल्म नहीं, बल्कि व्यक्तिगत विकास की यात्रा है। वर्षों तक हल्की-फुल्की रोमांटिक फिल्मों के जरिए दर्शकों का प्यार पाने वाली नुसरत कहती हैं कि 'छोरी' ने उन्हें एक ऐसे क्रिएटिव ज़ोन में पहुँचाया, जहाँ डर, संवेदनशीलता, गहराई और सामाजिक संदेश एक साथ जुड़े।

# उज्जैन संभाग

## अस्पताल में मरीज की मौत, परिजनों का हंगामा, लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्टाफ पर भड़के परिजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन ●** अस्पताल चरक भवन में सोमवार सुबह इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर मामला शांत कराया। राजू रतन कॉलोनी नीलगंगा निवासी अनिल पिता लक्ष्मण कछावा (55) को सोमवार सुबह सर्दी, खांसी और जुकाम के इलाज के लिए जिला अस्पताल चरक भवन में भर्ती कराया गया था।

अनिल के पुत्र चंदन ने बताया कि इमरजेंसी में डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उनके पिता को भर्ती किया था। नर्स ने पर्चे पर लिखी दवाइयां और इंजेक्शन दिए, लेकिन इसके बाद भी अनिल की सांस फूलने लगी। सांस फूलने पर उन्हें ऑब्जर्वर वार्ड से आईसीयू में शिफ्ट किया जा रहा था। चंदन का आरोप है कि ऑब्जर्वर वार्ड में लगी ऑक्सीजन हटाकर मरीज को बिना ऑक्सीजन के ही लिफ्ट से आईसीयू तक ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उनकी मौत हो गई।



**अस्पताल में हंगामा करते परिजन**

परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। उनका कहना था कि जिस मरीज को सांस लेने में परेशानी थी, उसे बिना ऑक्सीजन के आईसीयू ले जाना घोर लापरवाही है। सूचना मिलने पर सीएसपी राहुल देशमुख और पुलिस बल चरक भवन अस्पताल पहुंचा।

सीएसपी राहुल देशमुख ने मृतक के परिजनों को समझाया कि यदि उन्हें इलाज में लापरवाही की आशंका है, तो वे शव का पोस्टमार्टम करा सकते हैं। हालांकि, मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया, जिसके बाद मामला शांत हो गया।

## यातायात नियम तोड़ने वालों से एसपी का सीधा संवाद, नियमों के पालन की शर्त पर बिना चालान छोड़ा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा ●** यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने सोमवार को शहर में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने वाले चालकों को रोका गया। एसपी सिंह ने सभी चालकों से शांतिपूर्वक संवाद किया और उन्हें यातायात नियमों के पालन का महत्व समझाया। उन्होंने हेलमेट पहनने और न पहनने के फायदे-नुकसान विस्तार से बताए, साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट और सीट बेल्ट कैसे जीवन बचाते हैं।

चर्चा के बाद, बिना हेलमेट पकड़े गए सभी चालकों ने अपनी गलती स्वीकार की और भविष्य में हमेशा हेलमेट पहनकर वाहन चलाने का वादा किया। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए, पुलिस ने पहली बार गलती करने वाले इन चालकों को सशर्त बिना चालान के छोड़ दिया। पुलिस अधीक्षक सिंह ने बताया कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने यह



भी जानकारी दी कि तेज गति और लापरवाही के गंभीर परिणामों को दर्शाने के लिए तनोडिया टॉवर पर क्षतिग्रस्त वाहन प्रदर्शित किए गए हैं। एसपी ने आमजन से अपील की कि वे अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें और हेलमेट, सीट बेल्ट तथा अन्य यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। इससे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

## भूखी माता रोड पर बनेगा जैन जहाज मंदिर, भूमिपूजन किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन ●** जैनाचार्य सागरचंद्र सागर सूरी की निश्रा में भूखी माता मंदिर रोड पर गुरुद्वारे के पास भव्य जैन जहाज मंदिर निर्माण के संकल्प के साथ भूमिपूजन किया गया। ट्रस्ट के मीडिया प्रमुख विकास कोठारी और प्रदीप दख ने बताया गुरुदेव अशोक सागर सूरीश्वर के आशीर्वाद से श्री शक्रस्तव पद्मावती शक्ति पीठ के तत्वावधान में रविवार सुबह 7 बजे नवग्रह पूजन, क्षेत्रपाल पूजन आदि विधि-विधान पूर्वक शुभ मुहूर्त में जैन मंदिर का खाद मुहूर्त हुआ। इस आयोजन में प्रसन्न लोढ़ा के प्रयास और शहर के अनेक संघों सहित श्री माणिभद्र तीर्थधाम भैरवगढ़ का सहयोग रहा।

## आत जलप्रदाय रहेगा बंद, सुधार कार्य के चलते नागरिकों को होगी परेशानी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन ●** शहर में लगातार हो रही असुविधाओं के बीच एक और परेशानी सामने आई है। सुधार कार्य के कारण कल मंगलवार, 9 दिसंबर 2025 को पूरे दिन जलप्रदाय नहीं होगा।

जलापूर्ति बंद रहने से आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। आए दिन होने वाली इस तरह की समस्याओं से शहरवासी खासे परेशान नजर आ रहे हैं। प्रशासन ने नागरिकों से पहले से पानी संग्रहित करने की अपील की है।

## व्यापारी से दुकान में घुसकर मारपीट, कपड़े फाड़कर गल्ले से 10 हजार निकाल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा ●** सुसनेर में एक दुकान में घुसकर मारपीट और लूट का मामला सामने आया है। पीड़ित पंकज (21) निवासी खजूरी चौपड़ा, ने पुलिस कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए सोमवार को एसपी को आवेदन दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ उचित धाराओं में प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

पीड़ित पंकज ने बताया कि यह घटना 7 दिसंबर को हुई थी। वह डॉक बंगले के पास स्थित अपने मौसी के बेटे मनोज की दुकान पर गल्ले पर बैठा था। तभी सुसनेर निवासी जयेश जैन, रक्षित जैन और निखिल जैन दुकान में आए। उन्होंने पंकज के भाई गोविंद से विवाद का हवाला देते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी।

### दुकान में घुसकर पीटा, 10 हजार रुपए निकाले

आरोप है कि तीनों आरोपियों ने पंकज



को गल्ले से घसीटकर लात-घूंसों से पीटा, उसका सिर पास रखी टेबल पर पटका और कपड़े फाड़ दिए। हमलावरों ने गल्ले में रखे 10 हजार रुपए भी निकाल लिए। बीच-बचाव करने आए दुकान के कर्मचारी के साथ भी बदसलूकी और मारपीट की गई।

पीड़ित ने बताया कि घटना स्थल पर पुलिस भी पहुंची थी, लेकिन आरोपियों ने थाना प्रभारी की बात नहीं मानी और उनके सामने ही मारपीट जारी रखी। बाद में थाना प्रभारी ने पीड़ित को थाने ले जाकर बैठा दिया, जबकि आरोपियों को छोड़ दिया गया।

### पुलिस पर एफआईआर दर्ज नहीं करने का आरोप

पीड़ित का आरोप है कि थाने में उसकी पूरी शिकायत दर्ज नहीं की गई। पुलिस ने केवल एनसीआर (गैर-संज्ञेय रिपोर्ट) दर्ज की, जबकि घटना में दुकान में घुसकर तोड़फोड़, मारपीट, लूट और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।

### दंडात्मक कार्रवाई की मांग

पंकज ने एसपी विनोद कुमार सिंह को सौंपे आवेदन में आरोपियों पर कठोर धाराओं में मामला दर्ज करने और दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने यह भी बताया कि आरोपी उसे लगातार धमकी दे रहे हैं कि यदि उसने दुकान खोली तो उसे जान से मार दिया जाएगा। उसने आवेदन के साथ दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज और फोटो भी साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए हैं।

न्यूज ब्रीफ

## बीएसएनएल के बकाया जमा करने पर मिलेगी 50 प्रतिशत तक की छूट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार आगामी 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में बीएसएनएल द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु जिला न्यायालय इंदौर एवं तहसील महू में बकाया लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच सहित मोबाइल पोस्टपेड बिल संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निपटान किया जाएगा। बीएसएनएल के उपभोक्ताओं द्वारा अपने बकाया बिलों की राशि लोक अदालत में जमा करने पर उन्हें नियमानुसार 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की आकर्षक छूट का लाभ दिया जाएगा । उपभोक्ताओं के अनुरोध पर उन्हें पुनः लीज्ड सर्किट, लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड एवं एफटीटीएच सहित मोबाइल सेवाएं प्रदाय की जाएंगी । बीएसएनएल के उपभोक्ता अपने बिल संबंधित प्रकरणों का बीएसएनएल नेहरू पार्क स्थित कार्यालय के राजस्व अनुभाग में भी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर समाधान/निपटान करवा सकते हैं।

## शराब के अवैध परिवहन पर कड़ी कार्रवाई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में अवैध मदिरा और दोपहिया वाहन का कुल मूल्य लगभग 75 हजार रुपये है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। उक्त कार्रवाई में कोदरिया मार्ग पर एक्टिवा वाहन से अवैध रूप से परिवहन की जा रही एक पेटी देशी प्लेन मदिरा बरामद की गई। मदिरा एवं वाहन का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 75 हजार रुपये है।

# फिर हुआ विवाद : डीपीसी संजय मिश्र उलझे अपने अधीनस्थों से

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● राजेन्द्र नगर स्थित जिला शिक्षा केन्द्र कार्यालय एक बार फिर विवादों के घेरे में नजर आ रहा है। कार्यालय के ही सूत्रों के अनुसार कल शाम डीपीसी संजय मिश्र अपने ही अधिनस्थ फाइनेंस आफिसर से उलझ गए। एक भुगतान के मामले में दोनों ही अधिकारियों के बीच जमकर विवाद हुआ। कल इससे पूर्व ही एपीसी जेंडर से भी उनके बीच कार्यालय के मुद्दों को लेकर विवाद भी हुआ था।

ऐसा लगता है जिला परियोजना समन्वयक संजय मिश्र इंदौर में केवल विवादों से ही अपना नाता बनाए रखना चाहते है। खुद के विचित्र व्यवहार को लेकर लगभग अपने सभी अधिनस्थों से विवाद कर चुके संजय मिश्र अपने ही फाइनेंस अधिकारी से उलझ गए। कार्यालय के सूत्र बताते है कि डीपीसी और फाइनेंस अधिकारी के बीच एक बार डीपीसी के कमरे में जबरदस्त बहस हुई और उसके बाद फाइनेंस अधिकारी के कमरे में पुनः कहा सुनी हुई। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार अगर कुछ कर्मचारी ने बीच बचाव नहीं किया होता तो वहां मारपीट की भी नौबत आ जाती।



गौरतलब हैं डीपीसी कार्यालय के लगभग सभी एपीसी से डीपीसी के विवाद हो चुके है और अलग अलग अवसर पर सभी एपीसी ने सीईओ जिला पंचायत को लिखकर इस कार्यालय से मुक्त होने के लिए लिख चुके हैं।

### सीईओ के समझाने के बाद भी डीपीसी का व्यवहार नहीं सुधरा

सूत्रों के अनुसार डीपीसी संजय मिश्र की लगातार मिल रही शिकायतों के चलते सीईओ जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन ने उन्हें समझाने की कोशिश की। लेकिन संजय मिश्र समझने के बजाय अपने अधीनस्थों से उलझते नजर आ रहे है, विश्वनीय सूत्र के अनुसार इंदौर जिले में यह पहली बार है जब एक डीपीसी द्वारा बार बार अपने अमले की मीटिंग सीईओ के द्वारा करवाई जाती है। एक बीआरसी ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि डीपीसी कार्यालय अपनी नाकामी छुपाने के लिए बार बार बीआरसी को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश करते है।

# माध्यमिक शिक्षा मंडल में 10-12 वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी धीमी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10-12 वीं की परीक्षाएं 7 फरवरी से शुरू होंगी। भोपाल जिले में करीबन 104 केंद्रों पर परीक्षाएं होगी। हालांकि अभी तक सैंपल पेपर अपलोड नहीं किए हैं। बीएलओ कार्य में लगे शिक्षकों की ड्यूटी लगाने में देरी हो रही है। मंडल सचिव का भी पद रिक्त होने से परीक्षा की तैयारियां धीमी गति से चल रही है।

बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने में करीबन ढाई माह का समय शेष है। अभी तक मंडल ने न तो सैंपल पेपर अपलोड किया है और न ही जिलेवार केंद्रों का निर्धारण को अंतिम रूप दिया है। सूत्र बताते है कि माशिमं में सचिव केडी त्रिपाठी के जाने के बाद अभी तक पद खाली पड़ा है। इसलिए प्रदेश स्तर पर माशिमं, तैयारियों को अंतिम रूप नहीं दे पा रहा है। बता दें कि इस बार पिछले साल की अपेक्षा एक माह पहले यानि फरवरी में परीक्षा आयोजित की जा रही है। मंडल ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर जिले के सरकारी व निजी स्कूलों में बनाए जाने वाले केंद्रों के नाम तय कर सूची जल्द भेजने को कहा है।

### भोपाल में बोर्ड परीक्षा के 104 केंद्र तय

भोपाल के जिला शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार अहिरवार ने बताया कि जिले में पिछले साल की तर्ज पर ही लगभग 104 केंद्र रहेंगे। इनमें 50 सरकारी और 53 निजी स्कूल शामिल हैं। भोपाल में इस बार नया केंद्र नहीं बनाया गया है। उन्होंने बताया कि नकल रोकने के लिए हर केंद्र पर अधिकतम 250 परीक्षार्थियों को अनुमति है, जिससे कुल केंद्रों की संख्या बढ़ सकती है। केवल उन्हीं स्कूलों को केंद्र बनाया गया, जहां फर्नीचर, पेयजल, शौचालय, बिजली, इंटरनेट और सीसीटीवी कैमरे जैसी सुविधाएं हों।

# चंदननगर टीआई इंद्रमणि पटेल और खाकी की लाज बचाने का सघन अभियान, याचिका वापस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के चंदननगर टीआई इंद्रमणि पटेल का मामला सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में पहुंच गया है। वहीं, खाकी के मान का भी सवाल उठ गया है। इस लाज को बचाने के लिए चल रहे अभियान में पुलिस को आंशिक सफलता मिल गई है।

हाईकोर्ट इंदौर खंडपीठ में लगी याचिका को वापस लेने और वकील बदलने तक का आवेदन लग गया है। इसके लिए तीन दिसंबर से पुलिस लगी हुई थी। इसमें दबाव, प्रभाव सभी तरह की बातें सामने आ रही हैं।

इस मामले में 9 दिसंबर को सुनवाई होनी है। इंदौर हाईकोर्ट ने पुलिस कमिश्नर से टीआई पटेल के खिलाफ क्या विभागीय और आपराधिक कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है, इसकी जानकारी मांगी है।

**यह है मामला**- पाक्सो केस में आरोपी संजय दुबे फरार है। ऐसे में इसकी जानकारी जुटाने चंदननगर पुलिस ने उनके बेटे राजा दुबे को 26 नवंबर को पकड़ा लिया था। वहीं, थाने में हथकड़ी लगाकर बैठा दिया था। उनके साले आकाश तिवारी को यह जानकारी 27 नवंबर को मिली थी। आकाश ने हाईकोर्ट में हैबियस कार्पस याचिका दायर कर दी थी। इसकी भनक लगते ही पुलिस ने 27 नवंबर की रात को राजा को छोड़ दिया था।

इसके बाद हाईकोर्ट ने 2 दिसंबर को मामले की सुनवाई की थी। कोर्ट ने 26 और 27 नवंबर के फुटेज के साथ टीआई को 4 दिसंबर को पेश होने का आदेश दिया थी। 4 दिसंबर को हाईकोर्ट में पेश हुए टीआई पटेल ने खुद माना कि राजा को हथकड़ी लगाई थी। वह थाने से भाग नहीं जाए इसलिए हथकड़ी लगाई थी। इस पर हाईकोर्ट ने तल्ख लहजे में कहा तो फिर बेड़ियां भी पहना देते। साथ ही, कोर्ट ने कहा कि यह संविधान में धारा 21 में दिए मौलिक अधिकार का उल्लंघन का गंभीर मसला है। पुलिस कमिश्नर 9 दिसंबर को बताएं कि पटेल के खिलाफ क्या विभागीय कार्रवाई और आपराधिक कार्रवाई प्रस्तावित कर रहे हैं।

**याचिकाकर्ता दूसरा कारण बता रहे**- वहीं इस संबंध में याचिकाकर्ता आकाश तिवारी से बात की तो उन्होंने कहा कि दबाव, प्रभाव वाली बात नहीं है। मैंने अपने परिजनों से पूछे बिना याचिका दायर की थी। जब यह मामला मीडिया में उछल गया तो परिजनों को पता चला और उनके कहने पर मैंने याचिका वापस ली है।

### अब पुलिस 3 दिसंबर से ऐसे जुटी

इस मामले को लेकर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता नीरज सोनी ने बताया कि दो दिसंबर को हाईकोर्ट के आदेश हुए थे। इसके बाद से ही टीआई व अन्य पुलिस अधिकारियों के मेरे पास और पार्टी के पास फोन आ रहे थे। वहीं, मैंने मना कर दिया था। याचिकाकर्ता को 3 दिसंबर को थाने बुलाया गया था। कई बड़े पुलिस अधिकारियों ने उनसे बात की थी। मेरे पास 4 दिसंबर को सुबह साढ़े नौ बजे याचिकाकर्ता का फोन आया था। याचिकाकर्ता ने बोला कि वह याचिका वापस लेना चाहते हैं, बहुत फोन आ रहे हैं। मैंने कहा कोर्ट आ जाओ। चार दिसंबर को सुनवाई के पहले याचिका वापस लेने के लिए शपथपत्र बनवाना था। इसके लिए याचिकाकर्ता गए थे। वहीं, इसी बीच हाईकोर्ट में सुनवाई हो गई और हाईकोर्ट ने टीआई, पुलिस का पक्ष सुना और आदेश जारी कर दिया था। इसके चलते उस दिन याचिका वापस नहीं हो सकी थी।

# सरकारी कार्यालय सोलर ऊर्जा से रहे पीछे, नागरिक हुए आगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सोलर एनर्जी का उपयोग करने में इंदौर के नागरिक आगे हैं। शहर के 22 हजार घरों की छतों पर सोलर प्लांट लगे हैं और लोग अपनी बिजली की जरूरत को सोलर एनर्जी से पूरा कर रहे हैं। इंदौर में तेजी से सोलर उपयोगकर्ताओं की संख्या का आंकड़ा बदल रहा है... औसतन प्रतिमाह 60-70 घरों में सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। इसके लिए मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी शहरी क्षेत्र में उपभोक्ताओं को जागरूक करने का कार्य कर रही है, साथ ही तीन किलोवॉट तक कनेक्शन बगैर सोलर पंजीयन के नहीं दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकारी कार्यालयों में सोलर प्लांट लगाने का दावा 6 साल बाद भी पूरा नहीं हुआ है। इंदौर नगर निगम कार्यालय की छत पर सोलर प्लांट लगाने के लिए 2019 से कवायद जारी है, पर अब तक सोलर प्लांट नहीं लगे हैं, इसलिए इंदौर के नागरिक सरकारी विभागों से सोलर एनर्जी का उपयोग करने में आगे हैं।

**सरकार के निर्देश**- सोलर प्लांट लगाएं वहीं नगरीय प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों पर सोलर प्लांट लगाने निर्देश दिए हैं। इंदौर नगर निगम द्वारा भी साल-2019 से निगम मुख्यालय, झोन कार्यालय, निगम के मार्केट की छतों पर सोलर प्लांट लगाने की प्लानिग की जा रही है, लेकिन अभी तक इसको पूरा नहीं किया गया। यही हाल कलेक्टोरेट, स्मार्ट सिटी, आईडीए, आयकर, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य कार्यालयों के हैं। विद्युत कम्पनी द्वारा तीन किलोवॉट का स्थायी कनेक्शन देने से पहले उपभोक्तओं को सोलर प्लांट के फायदे समझाते हुए झोन अधिकारी सोलर सब्सिडी के लिए पंजीयन करवा रहे हैं, जिसका लाभ उपभोक्ता विद्युत कनेक्शन लेने के तत्काल बाद या भविष्य में आवश्यकता अनुसार ले सकते हैं। यदि तीन किलोवॉट कनेक्शन लिया जाता है तो 80 हजार रुपए सब्सिडी दी जाती है। तीन किलोवॉट के सोलर प्लांट कीमत लगभग 1 लाख 80 हजार रुपए अनुमानित है। इसके साथ ही सोलर प्लांट लगाने वाली कम्पनियां उपभोक्ताओं को 10 साल की फाइनेंस सुविधा दे रही है, जिसके चलते सोलर लगाने वालों की संख्या बढ़ रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव इंदौर को सोलर सिटी बनाने का संकल्प लेकर इस क्षेत्र में नवाचार कर रहे हैं। उनके प्रयासों से बिजली कम्पनी और वेंडरों के बीच एक सेतु कायम किया गया है।

- शहर के 22 हजार घरों पर सोलर प्लांट लेकिन सरकारी कार्यालयों की छतें सूनी
- सोलर एनर्जी का उपयोग करने में इंदौर के नागरिक आगे

# सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं को समक्ष में बुलाकर समस्याओं के निराकरण की नई पहल

### समस्याओं के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर दो शासकीय सेवकों को किया निलंबित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा के पत्रों एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विभागवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, राजस्व संबंधी मामलों तथा आवश्यक सेवाओं से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परिक्षित झाड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर आयुक्त नगर निगम श्री रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार तथा रोशन राय, कलेक्टर वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्पष्ट निर्देश हैं कि आमजन से जुड़ी आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता एवं संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि नामांकन, बंटवारा, सीमांकन तथा सीएम हेल्पलाइन जैसे संवेदनशील प्रकरणों का त्वरित निराकरण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि एसआईआर में जिले में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, अब शेष मैपिंग के कार्य एवं दावा-आपत्ति की प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने सभी एसडीएम को स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता देते हुए समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। समय सीमा में प्रकरण निराकृत नहीं करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।



# शराब के धंधे में अकूत कमाई पहली बार नहीं, मंदाकिनी दीक्षित के पहले भदौरिया, खरे और चंद्रावत भी घिर चुके

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● देवास की प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित पर 7.5 लाख की रिश्वत का आरोप है। उन्हें एक ठेकेदार से रिश्वत लेने के आरोप के बाद सस्पेंड कर दिया गया है। आबकारी विभाग में अधिकारियों की अकूत कमाई का यह पहला मामला और आरोप नहीं है। हाल ही में रिटायर जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया की 29 करोड़ की संपत्ति का खुलासा हुआ था। इसमें 10 करोड़ से ज्यादा कीमत का सोना शामिल था। यह मामला लोकायुक्त इंदौर ने उजागर किया था।

अलीराजपुर से रिटायर्ड जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया से पहले, इंदौर में सहायक आयुक्त आलोक खरे पर भी कार्रवाई हुई थी। इसके अलावा नवल सिंह जामोद और पराक्रम सिंह चंद्रावत पर भी जांच एजेंसियों ने छापे मारे थे। इन सभी के यहां अकूत संपत्तियां मिली थीं। हाल ही में सरकार ने इनके खिलाफ लोकायुक्त केस में अभियोजन की मंजूरी दी थी। इसके बाद सरकार ने उन्हें सस्पेंड कर दिया था। लोकायुक्त ने 2019 में आलोक खरे के सात ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। ये सभी ठिकाने भोपाल, इंदौर, रायसेन और छतरपुर में मौजूद थे। इस दौरान करीब 100 करोड़ से अधिक की बेनामी संपत्ति का खुलासा हुआ था। छापों में नकदी, सोना, फार्महाउस, बंगले और पेंटहाउस के दस्तावेज बरामद हुए थे। जांच में यह भी सामने आया कि रायसेन के फार्महाउस में फलों की खेती से आय दिखाई गई थी। वहीं, जिन ट्रकों से फल का ट्रांसपोर्टेशन दिखाया गया, वे असल में ऑटो रिक्शा के नंबर पर पंजीकृत थे। छापेमारी के दौरान तीन किलो सोना भी बरामद किया गया था। देवास की प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित पर 7.5 लाख की रिश्वत लेने का आरोप, जिसके बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। हाल ही में रिटायर जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया की 29 करोड़ की संपत्ति का खुलासा हुआ, जिसमें 10 करोड़ से अधिक का सोना शामिल था। इंदौर में सहायक आयुक्त आलोक खरे पर लोकायुक्त ने 2019 में छापा मारा, जिसमें 100 करोड़ की बेनामी संपत्ति का खुलासा हुआ।

अन्य अधिकारियों, जैसे पराक्रम सिंह चंद्रावत और नवल सिंह जामोद, पर भी आय से अधिक संपत्ति मिलने के आरोप लगे हैं। मंदाकिनी दीक्षित पर शराब ठेकेदार ने आरोप लगाया कि वह प्रत्येक दुकान से डेढ़ से दो लाख रुपए की रिश्वत मांगती थीं। धार में पदस्थ रहे जिला आबकारी अधिकारी चंद्रावत के यहां सात साल पहले लोकायुक्त ने छापा मारा था। इसमें घर से 18 लाख की लग्जरी घड़ी मिली थी। उनके बंगले में 90-90 लाख की तीन लग्जरी कारें भी थीं। चंद्रावत स्वर्गीय पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्र सिंह कालूखेड़ा के भतीजे हैं। चंद्रावत शहीद पिता के बाद 2001 में नौकरी में आए थे। उनकी संपत्ति 50 करोड़ से अधिक बताई गई थी। घर से एक करोड़ कीमत के गहने मिले थे। साथ ही, लंबी-चौड़ी जमीन भी मिली थी। आबकारी उपायुक्त पद पर रहे नवल सिंह जामोद के यहां साल 2014 में छापा पड़ा था। जब उनके पास आय से अधिक संपत्ति मिली थी। हालत यह थी कि वह जिस बिस्तर पर सोते थे, उसके नीचे ही नोटों के बंडल मिले थे। इंदौर में तीन मंजिला मकान, धार में प्लॉट, झाबुआ, कुक्षी में अचल संपत्तियां यह सब पाया गया था।

# कांग्रेस ने गायब हुए इंदौर के 5.68 लाख मतदाता की सूची सार्वजनिक करने की मांग की

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में गायब मिले 5.68 लाख मतदाताओं की सूची का खुलासा हुआ है। इसके बाद अब कांग्रेस ने प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कांग्रेस ने इसे लेकर सोमवार 8 दिसंबर को हस्ताक्षर अभियान शुरू करते हुए कई मांगें सामने रखी हैं। इनमें सबसे अहम है कि जो मतदाता गायब हैं, उनकी सूची सार्वजनिक की जाए।

कांग्रेस के पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने कहा कि पिछले चुनाव में बीजेपी को जीत मिली थी। इस दौरान इंदौर में नौ में से नौ विधानसभा सीटें बीजेपी ने जीती थीं। इस जीत के दौरान 4.17 लाख वोट थे। वहीं, अब 5.68 लाख मतदाता गायब हैं। ऐसे में शंका पैदा होती है। इसलिए हमारी मांग है कि गायब मतदाताओं के नाम सामने लाए जाएं। इससे यह साफ होता है कि वोटों की हेराफेरी की जा रही है।

**सभी प्रपत्र जब्त किए जाएं**- कौशल और रवि गुरनानी ने मांग की है कि सभी गायब मतदाताओं के दस्तावेज जब्त किए जाएं। यह जब्ती तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी/कलेक्टर के जरिए की जाएं। उनका कहना है कि इनका बेजा उपयोग हो सकता है। मतदाता सूची की शुद्धता के लिए यह जरूरी है कि पूरी सूची सार्वजनिक हो। साथ ही, एसआईआर की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी चरण जनता के सामने आएं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है। यदि इसमें गड़बड़ियां होंगी तो चुनावी प्रक्रिया पर असर पड़ेगा। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि प्रशासन ने यदि जल्द कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। भले ही इंदौर जिला निर्वाचन अधिकारी को 23.08 लाख मतदाताओं के फार्म भरकर मिले हैं, इनमें से 21.45 लाख ही मैपिंग में आए हैं। करीब नौ लाख मतदाता ऐसे हैं जो साल 2003 की एसआईआर सूची में भी मतदाता के तौर पर थे। बाकी 12 लाख से ज्यादा मतदाता ऐसे हैं जिनके कोई परिजन इस 2003 की सूची में मौजूद थे। वहीं 1.63 लाख मतदाता इस तरह की दोनों मैपिंग पेश नहीं कर सके हैं। इन्हें ही यह नोटिस जारी होंगे।



### इंदौर में एसआईआर की खबर पर एक नजर...

- इंदौर जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में 5.68 लाख गायब मतदाताओं की सूची सामने आई।
- कांग्रेस ने गायब मतदाताओं की सूची सार्वजनिक करने और संबंधित दस्तावेजों की जब्ती की मांग की।
- कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि गायब मतदाताओं के नाम होने से वोटों की हेराफेरी का शक उत्पन्न हो रहा है।
- कांग्रेस ने मांग की कि एसआईआर प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और सभी चरण जनता के सामने आएं।
- कांग्रेस ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।